THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI RAMAKANT D. KHALAP): (a) to (c) Yes, Sir. The information was immediately conveyed to the State Licensing Authorities of Rajasthan and Maharashtra in which State the manufacturer is located. The State Licensing Authorities of Rajasthan and Maharashtra carried out necessary invcstigations. Based on the results of analysis of the sample taken, the Licensing Authority of Maharashtra State suspended the permission for manufacture for 20 days w.e.f. 11-10-96 to 30-10-96. The State Licensing Authority of Rajasthan has also sent the sample to Central Drugs Laboratory, Calcutta who passed the sample for all tests except one which was not performed. The State Licensing Authority of Rajasthan has been advised to take further necessary action.

चमोली जिले में सत्वों से औषध-निर्माण हेतु संस्थान का स्थापना का प्रस्ताव

4064 : **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जड़ी-बूटियों की खोज और इनके सत्वों से औषधियों के निर्माण के लिए उत्तर-प्रदेश में कोई संस्थान कार्य कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार इस क्षेत्र के चमोली जिले में ऐसा संस्थान स्थापित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रमाकान्त डी० खलप): (क) और (ख) केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद के अधीन भारतीय आयुर्वेद संस्थान (औषध अनुसंधान) ताड़ीखेत, रानीखेत उत्तर प्रदेश आयुर्वेदिक औषधीय पादपों पर कार्य कर रहा है। एक अन्य संगठन अर्थात इंडियन मेडिसिन फार्मेस्यूटीकल कार्पोरेशन लिमिटेड मोहान, जिला रामनगर में आयुर्वेदिक और यूनानी और औषधियों का निर्माण करता है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

मध्य प्रदेश में सीधी में खैरवार जाति में बच्चों का पैदा न होना

4065. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि मध्य प्रदेश में सीधी जिला में कुसमी विकास खण्ड निवास करने वाली खैरवार जाति के अनुसूचित जनजाति समुदाय में बच्चे जन्म नहीं ले रहे है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रमाकान्त डी० खलप): (क) और (ख) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद से उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अधीन जबलपुर में स्थित क्षेत्रीय आदिवासी चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र ने 1992-93 में सीधी जिले के कुसुमी ब्लाक के खैरवारियों का अध्ययन किया था और पाया कि अन्य जनजातियों की अपेक्षा खैरवारियों में प्रजन्नता कम थी। प्रत्येक सक्षम खेरवाल दम्पति द्वारा जन्मे बच्चों की संख्या, अन्यों में 2.7 की तुलना में, 1.9 थी। तथापि, कुछ गांवों में यह दर्ज किया गया था कि पिछले पांच वर्षों में केवल एक बच्चे का ही जन्म हुआ था।

Indigenous Medicine for Cerebral Malaria

4066. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some of our Research Institutes have developed an indigenous medicine for the treatment of fatal Cerebral Malaria;

(b) if so, the details thereof; and

(c) by when the medicine will be available in the market at reasonable prices?